झारखण्ड लोक सेवा आयोग,
सर्कुलर रोड, राँची

प्रेस विज्ञप्ति

खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड के अन्तर्गत सहायक खनन पदाधिकारी के पद पर नियमित नियुक्ति हेतु आवश्यक सूचना (विज्ञापन संख्या– 07/2016)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड के अन्तर्गत सहायक खनन पदाधिकारी के पद पर नियमित नियुक्ति हेतु साक्षात्कार दिनांक–**10.11.2016** एवं **11.11.2016** को निर्धारित है।

2. साक्षात्कार हेतु उम्मीदवार अपना Call Letter दिनांक– **02.11.2016** से आयोग के वेबसाइट **www.jpsc.gov.in** से अपना नाम एवं जन्म तिथि डालकर डाउनलोड कर सकेंगे। उम्मीदवार Call Letter डाउनलोड कर निर्धारित तिथि एवं समय पर साक्षात्कार हेतु सभी शैक्षणिक मूल प्रमाण–पत्रों, वांछित प्रपत्र में जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) एवं Call Letter में निदेशित वांछित अभिलेखों के साथ आयोग में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। आवेदकों को Call Letter डाक द्वारा नहीं भेजे जायेंगे।

3. आयोग के वेबसाइट से Call Letter डाउनलोड नहीं होने की स्थिति में आयोग के हेल्पलाईन नं0–**0651–2213009** पर संपर्क कर सकते है अथवा दिनांक– **08.11.2016** को कार्यालय अवधि में आयोग के पूछताछ काउंटर पर अपना नाम एवं जन्म तिथि के साथ आवेदन देकर Call Letter प्राप्त कर सकते हैं।

4. झारखण्ड लोक सेवा आयोग के **Rules of Procedure, 2002** के अनुसार दसवीं से लेकर न्यूनतम अर्हक डिग्री तक प्राप्त प्रतिशत अंकों के औसत के आधार पर कोटिवार रिक्तियों के 05 (पाँच) गुणा अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। साक्षात्कार हेतु चयनित उम्मीदवारों की औपबंधिक सूची एवं कोटिवार कट ऑफ मार्क्स आयोग के वेबसाइट पर उपलब्ध है।

5. साक्षात्कार हेतु जारी सूची के विरूद्ध यदि कोई आपत्ति हो तो दिनांक–**27.10.2016** तक आपत्ति के समर्थन में वांछित सुसंगत अभिलेखों के साथ सचिव, झारखण्ड लोक सेवा आयोग, सर्कुलर रोड, रांची– 834001 के पते पर विज्ञापन संख्या अंकित करते हुए स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक/हाथों–हाथ (कार्यावधि में) या ईमेल **(amo716@jpsc.gov.in)** द्वारा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

ह0/–
सचिव,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची